## बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

कार्यालय आदेश संख्या–12 / मुक0–19 / 2026 –313 पटना, दिनांक– 13.8.26

**दिलीप कुमार द्वारा दायर वाद CWJC No-3486/2026 में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक–17.03.2026 को पारित Oral Order के आलोक में वादी, संवेदक द्वारा किये गये अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–28.07.2026 के सुनवाई के संबंध में।**

---

28.07.2026

## आदेश

दिलीप कुमार संवेदक, ग्राम–आखाड़ाघाट, नाजिरपुर, जिला–मुजफ्फरपुर, पिन–842001 एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर सुनवाई में उपस्थित।

कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर के कार्यालय आदेश संख्या–146 सहपठित ज्ञापांक–6276 दिनांक–26.12.2025 एवं कार्यालय आदेश संख्या–147 सहपठित ज्ञापांक–6277 दिनांक–26.12.2025 के द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना "हर घर नल का जल" योजना के तहत क्रमशः एकरारनामा संख्या– F2-15/2019-20 एवं एकरारनामा संख्या–F2-22/2019-20 का अद्यतन बकाया राशि का भुगतान नहीं किये जाने के कारण एकरारनामा के शर्तों के निष्पादन में चुक के लिये बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका–II (क) की उपकंडिका–II तथा सामान्य निदेश की कंडिका 3.3 एवं 4.8 के आलोक में संवेदक श्री दिलीप कुमार के सूचीबद्धता संख्या–266 / 2018 को अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया।

उक्त आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय पटना में CWJC No.-3486/2026, दिलीप कुमार बनाम बिहार सरकार वाद दायर किया गया। उक्त वाद में माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा दिनांक–17.03.2026 को आदेश पारित किया गया जिसका कार्यकारी भाग निम्नवत है–

Learned counsel for the petitioner submits that the electricity dues in question have already been paid, as is apparent from Annexure-P6, Annexure P7 and Annexured-P8 of the writ application. However, despite deposit of such dues, the aforesaid order dated 26.12.2025 (Annexures-P3 and P4) have not yet been recalled by the respondents till date.

5. Considering the facts and circumstances of the case, the petitioner is directed to file a representation before Respondent No. 8.

6. In the event any such representation is filed, Respondent No. 8 shall consider and dispose of the same by passing a reasoned and speaking order, in accordance with law, affording due opportunity of hearing to all the concerned stakeholders, within a period of one week from the date of filing of such representation of such representation.

उक्त पारित आदेश के अनुपालन हेतु विभागीय पत्रांक–481 दिनांक–25.03.2026 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर को निदेशित किया गया, जिसके आलोक में उचित माध्यम से क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–445 दिनांक–28.04.2026 द्वारा दिलीप कुमार संवेदक को डिबार मुक्त करने हेतु अनुशंसा किया गया।

तदालोक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा उभयपक्ष की उपस्थिति में सुनवाई की गई जिसमें श्री दिलीप कुमार, संवेदक द्वारा बताया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर अंतर्गत "हर घर नल का जल" योजना अंतर्गत एकरारनामा संख्या–F2-15/2019-20 एवं एकरारनामा संख्या–F2-22/2019-20 के द्वारा आवंटित कार्यों का विधुत विपत्र का अद्यतन बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है। सभी योजनाएं चालू एवं क्रियाशील है तथा जलापूर्ति की जा रही है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर के पत्रांक–3763, दिनांक–28.07.2026 के

द्वारा संवेदक श्री दिलीप कुमार, संवेदक द्वारा दिसम्बर 2025 तक बकाया विद्युत विपत्र का भुगतान किये जाने के संबंध में सूचित किया गया।

अतः माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा पारित न्यायादेश तथा उभयपक्षों के सुनने के उपरांत एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर, प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर, के पत्रांक–445 दिनांक–28.04.2026 से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर के कार्यालय आदेश संख्या–146–सह–पठित ज्ञापांक–6276 दिनांक–26.12.2025 एवं कार्यालय आदेश संख्या–147–सह–पठित ज्ञापांक–6277 दिनांक–26.12.2025 द्वारा संवेदक श्री दिलीप कुमार संवेदक, ग्राम–अखाड़ाघाट, नाजिरपुर जिला–मुजफ्फरपुर, पिन–842003 (सूचीबद्धता संख्या–266/2017) को निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है ।

ह0/–
(राजेश कुमार)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक–12/मुक0–19/2026– 1230 पटना, दिनांक– 13.8.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना /भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना /बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

13/8/26

**(दया शंकर प्रसाद)**
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/मुक0–19/2026– 1230 पटना, दिनांक– 13.8.26

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/8/26

**(दया शंकर प्रसाद)**
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post

ज्ञापांक–12/मुक0–19/2026– 1230 पटना, दिनांक– 13.8.26

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर/ श्री दिलीप कुमार संवेदक, ग्राम–आखाड़ाघाट, नाजिरपुर, जिला–मुजफ्फरपुर, पिन– 842001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/8/26

**(दया शंकर प्रसाद)**
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/मुक0–19/2026– 1230 पटना, दिनांक– 13.8.26

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/8/26

**(दया शंकर प्रसाद)**
मुख्य अभियंता (रूपांकण)